...कला में मानसी व करीना चमकीं

...दैवसी, तन्वी और प्रियांशी को पुरस्कृत किया गया। पुष्पांजलि शर्मा की देखरेख में बच्चों ने योग का प्रदर्शन किया। विजय त्रिपाठी ने स्वागत किया। ... शुक्ला ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर अर्पित सिंधोरे, अंजु त्रिपाठी, ... पूजा श्रीवास्तव और पीयूष मिश्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

छात्रों ने बंद कराया दफ्तर, किया प्रदर्शन

आचार्य की उपाधि अमान्य किए जाने से छात्रों में उबाल

जासं, वाराणसी: उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग द्वारा आचार्य की डिग्री एमए (संस्कृत) के समकक्ष न मानने से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र नाराज हैं। बुधवार को छात्रों ने केंद्रीय कार्यालय बंद कराकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

आयोग ने विश्वविद्यालय से आचार्य की उपाधि के आधार पर सहायक प्रोफेसर पद पर आवेदन करने वाले 18 आवेदकों का आवेदन भी निरस्त कर दिया है। इसे लेकर छात्रों में उबाल है। केंद्रीय कार्यालय ... समक्ष छात्रों ने सभा कर आयोग को ...कर कोसा। वक्ताओं ने कहा कि ...सी के नियमों के तहत ही शास्त्री-...र्य की उपाधि विश्वविद्यालय दे रहा ...ही नहीं हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद ...011 से आचार्य की उपाधियों में (संस्कृत) का भी उल्लेख किया जा ... साहित्य, वेद, व्याकरण, ज्योतिष, ...त अन्य विषयों का उल्लेख अब ... विषय के रूप में किया जा रहा ... आचार्य व एमए (संस्कृत) को ... कोई अंतर नहीं है। आचार्य को ...

कार्यालय का गेट बंद कर धरना सभा करते संविवि के छात्र • जागरण

कुलपति ने रखा पक्ष, आयोग ने गठित की कमेटी

आचार्य की उपाधि को एमए (संस्कृत) के समकक्ष न मानने के प्रकरण को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस क्रम मे बुधवार को कुलपति प्रो. यदुनाथ दुबे ने उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, इलाहाबाद जाकर कड़ी आपत्ति जताई। इस दौरान वह आयोग के अध्यक्ष से भी मिले। कुलपति का पक्ष सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष ने तत्काल बैठक बुलाई और इस मामले के निस्तारण के लिए समिति भी गठित कर दी है। उनके साथ संस्कृत विद्या विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रविशंकर पांडेय भी आयोग गए थे। प्रो. पांडेय ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष ने इस मामले का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

लिया गया है। धरना में गणेश गिरी, डा. ... अभिषेक द्विवेदी, अवधेश तिवारी, राहुल ... आदि थे।

संविवि में भी नए ... की नियुक्ति इसी ...

जासं, वाराणसी: संविवि में भी नए कुलपति की नियुक्ति इसी माह के अंत तक होने की संभावना जताई जा रही है। गत दिनों राजभवन में हुई सर्च कमेटी ने नए कुलपति के लिए पांच नाम प्रस्तावित भी किया है। इसमें सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय (गुजरात) के कुलपति प्रो. अर्कनाथ चौधरी का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि 17 मई को राजभवन में साक्षात्कार के लिए प्रो. चौधरी को भी बुलाया गया है। ऐसे में इसी माह के अंत तक नए कुलपति की नियुक्ति होनी तय मानी जा रही है।

कुलपति प्रो. यदुनाथ दुबे का तीन वर्ष का कार्यकाल पहली फरवरी को समाप्त हो गया था। वहीं नए कुलपति की नियुक्ति न हो पाने के कारण राजभवन ने प्रो. दुबे ...

सेमेस्टर परीक्ष... 68106 परीक्ष...

जासं, वाराणसी: काशी विद्यापीठ में स्नातकोत्तर द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 मई से दो पालियों में होगी। वाराणसी, चंदौली, भदोही, मीरजापुर, सोनभद्र व बलिया में 68106 परीक्षार्थियों के लिए 58 केंद्र बने हैं। इसमें जनपद के 22 केंद्र हैं। विद्यापीठ ने परीक्षा की तैयारी कर लेने का दावा किया है। कुलसचिव ओम प्रकाश ने बताया 24 स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में पर्यवेक्षक तैनात हुए हैं। ...

...त्मा गांधी की 150वीं जयंती अगले वर्ष, 2021 में विद्यापीठ की स्थापना के पूरे हो रहे 100 वर्ष

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग

18–ए, न्याय मार्ग, इलाहाबाद–211 001 (उ0प्र0)

ांक– उ0शि0आयोग / सी–679 / 182 / 2018–19 दिनांक : 14 मई, 2018

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–14.05.2018 को सम्पन्न आयोग की बैठक में विज्ञापन सं0–46 में विज्ञापित हायक आचार्य संस्कृत विषय के साक्षात्कार हेतु शार्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों में से ऐसे अभ्यर्थी ो आचार्य उपाधि धारक हैं को एम.ए. संस्कृत विषय के समकक्ष मानते हुए सहायक आचार्य ंस्कृत हेतु अर्ह मानने का निर्णय लिया गया। अतः ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उक्त विज्ञापन के न्तर्गत आचार्य विषयान्तर्गत अनर्ह मानते हुए साक्षात्कार में प्रवेश की अनुमति नहीं प्रदान ी गयी थी उन्हें अर्ह मानते हुए आगामी तिथि में साक्षात्कार हेतु पुनः आमंत्रित किया ायेगा। इस हेतु उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस व ई–मेल आई.डी. पर –मेल के माध्यम से सूचना प्रेषित की जायेगी।

(वन्दना त्रिपाठी)
सचिव

(वन्दना त्रिपाठी)
सचिव